Series D4BCA/4

SET-3

प्रश्न-पत्र कोड **3/4/3**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **17** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (अ)
# HINDI (A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **17** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं – **खण्ड अ** और **खण्ड ब** । **खण्ड अ** में बहुविकल्पी/वस्तुपरक और **खण्ड ब** में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं ।*

*(iii)* *__खण्ड अ__ में कुल **10** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 44 है । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*(iv)* *__खण्ड ब__ में कुल **7** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(v)* *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

*(vi)* *यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार ही लिखिए ।*

## खण्ड अ

## (बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

भारत में फिलहाल बिजली का बहुत बड़ा संकट नहीं है, मगर भविष्य की ज़रूरतों और स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ने के संकल्पों के तहत केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दी है । इस मिशन के माध्यम से भारत को ऊर्जा-स्वतंत्र बनाने, अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों को कार्बन मुक्त करने और वैकल्पिक ईंधन के उत्पादन, उपयोग और निर्यात के एक वैश्विक केंद्र में बदलने की योजना है ।

इसमें संदेह नहीं कि विकास की राह पर तेज़ी से आगे बढ़ने की कोशिश करते भारत जैसे देशों के लिए ऊर्जा में स्वावलंबन हासिल करना सबसे बड़ी आवश्यकता है । हमें कारख़ाने लगाने, उत्पादन बढ़ाने, लाखों-करोड़ों युवाओं के लिए रोज़गार पैदा करने हैं । इसके लिए स्वच्छ ऊर्जा की आवश्यकता है क्योंकि देश में पेट्रोल-डीज़ल की बढ़ती हुई माँग की आपूर्ति हेतु करोड़ों रुपए प्रति वर्ष सरकार द्वारा खर्च किए जाते हैं । सौर-ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति हो रही है । इस प्रकार जनता को राहत दिलाते हुए ऊर्जा स्वावलंबन हासिल किया जा सकता है, बशर्ते कुछ ठोस योजनाओं पर सतर्कता से अमल किया जाए । विशेषकर यह देखते हुए कि हाइड्रोजन स्वच्छ ईंधन है और एक बार दक्षता हासिल होने के बाद इससे अनंत काल तक असीमित ऊर्जा पाई जा सकती है । मगर इसमें कुछ समस्याएँ भी हैं । मुख्य अड़चन इसके भंडारण की है । यह अत्यंत विस्फोटक होने के कारण दुर्घटना का कारण बन सकती है । उम्मीद है राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन में इससे जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान निकाल लिया जाएगा । मसलन हाइड्रोजन ईंधन को सस्ता करना । कोयले की उपलब्धता का भी फिलहाल कोई संकट नहीं है । मगर ऊर्जा की बढ़ती माँग कोयले के भविष्य को धुँधला कर देती है । ऐसे में बेहतर होगा कि या तो परमाणु बिजली की तरफ बढ़ा जाए या फिर हाइड्रोजन ईंधन समेत स्वच्छ ऊर्जा के अन्य विकल्प आज़माए जाएँ ।


collegedunia

(i) कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए :

*कथन* : केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को मंज़ूरी दी है ।

*कारण* : भविष्य की ज़रूरतों को पूरा करने और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए ज़रूरी है ।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(D) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

(ii) कौन-सा कथन अनुच्छेद के अनुरूप ***नहीं*** है ?

(A) मिशन सभी समस्याओं का समाधान खोज लेगा ।

(B) कोयले से प्राप्त बिजली सहज उपलब्ध है ।

(C) स्वच्छ ऊर्जा के अन्य विकल्प खोजने चाहिए ।

(D) परमाणु बिजली को छोड़ देना चाहिए ।

(iii) भारत अपने ऊर्जा-व्यय को किस प्रकार सीमित कर सकता है ?

(A) पेट्रोल-डीज़ल को प्रतिबंधित करके

(B) कम क़ीमत पर पेट्रोल-डीज़ल उपलब्ध करवाकर

(C) ऊर्जा स्वावलंबन हासिल करके

(D) अपने देश में पेट्रोल-डीज़ल पैदा करके

(iv) भारत को स्वच्छ ऊर्जा की आवश्यकता क्यों है ?

(A) उत्पादन बढ़ाने और रोज़गार पैदा करने के लिए

(B) स्वच्छ पर्यावरण को प्रोत्साहन देने के लिए

(C) युवा-पीढ़ी की आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए

(D) वैश्विक माँग को पूरा करने के लिए

(v) राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का/के मुख्य उद्देश्य है/हैं, भारत को :

I. ऊर्जा क्षेत्र में स्वतंत्र बनाना

II. सर्वोच्च स्थान तक पहुँचाना

III. वैकल्पिक ईंधन का उत्पादन करना

**विकल्प :**

(A) I सही है ।  (B) II सही है ।

(C) II और III सही हैं ।  (D) I और III सही हैं ।


collegedunia

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

हे ग्राम देवता ! नमस्कार !
सोने-चाँदी से नहीं किंतु
तुमने मिट्टी से किया प्यार ।
हे ग्राम देवता ! नमस्कार !

जन कोलाहल से दूर कहीं
एकाकी सिमटा-सा निवास,
रवि-शशि का उतना नहीं कि
जितना प्राणों का होता प्रकाश ।
श्रम-वैभव के बल पर करते हो,
जड़ में चेतन का विकास,
दानों-दानों में फूट रहे,
सौ-सौ दानों के हरे हास ।
यह है न पसीने की धारा,
यह गंगा की है धवल धार ।
हे ग्राम देवता ! नमस्कार !

अधखुले अंग जिनमें केवल है
कसे हुए कुछ अस्थि-खंड
जिनमें दधीचि की हड्डी है,
यह वज्र इंद्र का है प्रचंड !
जो है गतिशील सभी ऋतु में
गर्मी, वर्षा हो या कि ठंड ।
जग को देते हो पुरस्कार,
देकर अपने को कठिन दंड !
झोंपड़ी झुकाकर तुम अपनी,
ऊँचे करते हो राज-द्वार !
हे ग्राम देवता ! नमस्कार !

(i) कथन और कारण पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिए :

*कथन* : किसान को किसी तरह का लालच नहीं है ।

*कारण* : किसान धन-दौलत से ऊपर उठकर मिट्टी से प्रेम करता है । मिट्टी ही उसका जीवन है ।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन सही है, किंतु कारण ग़लत है ।

(C) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

(D) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(ii) अंतिम पद में किसान की कौन-सी विशेषताओं का वर्णन है ?

(A) सहनशीलता – उदारता

(B) अहिंसक – सत्यवादी

(C) कर्मठ – प्रतिभाशाली

(D) दानवीर – विश्वसनीय

(iii) किसान के परिश्रम का परिणाम है :

(A) गंगा की धारा का धवल होना

(B) खेतों में चहल-पहल होना

(C) ऊसर भूमि का हरे-भरे खेतों में बदलना

(D) पसीने का वर्षा में बदलना

(iv) किसान को कवि ने 'देवता' क्यों कहा है ?

(A) गर्मी-सर्दी सभी ऋतुओं में कठोर परिश्रम करने के कारण

(B) ऊँचे-ऊँचे राज-प्रासादों में रहने वालों का पेट भरने के कारण

(C) सोने-चाँदी के स्थान पर मिट्टी से प्रेम करने के कारण

(D) अपने श्रमबल से अन्न उपजा कर संसार का पेट भरने के कारण


collegedunia

(v) 'किसान स्वयं छोटे-से घर में संतुष्ट रहता है ।' — यह भाव किन पंक्तियों में आया है ?

(A) सोने-चाँदी से नहीं किंतु
तुमने मिट्टी से किया प्यार ।

(B) जन कोलाहल से दूर कहीं
एकाकी सिमटा-सा निवास ।

(C) रवि-शशि का उतना नहीं कि
जितना प्राणों का होता प्रकाश ।

(D) जो है गतिशील सभी ऋतु में
गर्मी, वर्षा हो या कि ठंड ।

**3.** निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) स्तंभ-I को स्तंभ-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन करके लिखिए :

| | *स्तंभ-I* | | *स्तंभ-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | आज मेरा नया पेंसिल बॉक्स आया है । | (I) | मिश्र वाक्य |
| 2. | उसने बताया कि चिड़िया उड़ गई । | (II) | संयुक्त वाक्य |
| 3. | पेड़ काँप रहे थे और बिजली चमक रही थी । | (III) | सरल वाक्य |

**विकल्प :**

(A) 1-(I), 2-(II), 3-(III)

(B) 1-(III), 2-(I), 3-(II)

(C) 1-(II), 2-(III), 3-(I)

(D) 1-(II), 2-(I), 3-(III)



collegedunia

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाला विकल्प चुनकर लिखिए :

I. पापा ने दीदी को भी उठाया ।

II. चिड़िया भाग रही थी और कौए परेशान थे ।

III. दोपहर को जब धूप निकली तब हम खेलने निकले ।

IV. बारिश हो रही थी लेकिन ओले गिरने बंद हो गए थे ।

**विकल्प :**

(A) I और II

(B) II और III

(C) II और IV

(D) I और IV

(iii) निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है :

(A) आज सुबह पापा ने जल्दी से मुझे उठाया और ओले दिखाए ।

(B) आज सुबह पापा ने मुझे जल्दी उठाकर ओले दिखाए ।

(C) अभी तक कोई बच्चा खेलने नहीं निकला ।

(D) हमने देखा कि सामने वाले मैदान में हरी-हरी घास पर ओले गिर रहे थे ।

(iv) जिस टोली के अधिक बच्चे खिंच जाते हैं उस टोली की हार होती है । — इस वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा :

(A) अधिक बच्चे खिंच जाने पर टोली की हार होती है ।

(B) टोली के अधिक बच्चे खिंच जाते हैं इसलिए टोली की हार होती है ।

(C) जब टोली के अधिक बच्चे खिंच जाते हैं तो टोली की हार होती है ।

(D) वह टोली हार जाती है जिसके अधिक बच्चे खिंच जाते हैं ।

(v) महावीर प्रसाद द्विवेदी केवल एक व्यक्ति नहीं थे वे एक संस्था थे — इस वाक्य का सरल वाक्य होगा :

(A) जो महावीर प्रसाद द्विवेदी थे वे केवल एक व्यक्ति नहीं संस्था थे ।

(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी केवल एक व्यक्ति नहीं थे बल्कि वे एक संस्था थे ।

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी केवल एक व्यक्ति नहीं थे परंतु वे एक संस्था थे ।

(D) महावीर प्रसाद द्विवेदी केवल एक व्यक्ति न होकर संस्था थे ।


collegedunia

**4.** निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) स्तंभ-I को स्तंभ-II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन करके लिखिए :

| | *स्तंभ-I* | | *स्तंभ-II* |
|---|---|---|---|
| 1. | नागार्जुन को सम्मानित किया गया । | (I) | भाववाच्य |
| 2. | माँ से खड़ा नहीं हुआ जाता । | (II) | कर्तृवाच्य |
| 3. | नागार्जुन 'यात्री' नाम से प्रतिष्ठित हैं । | (III) | कर्मवाच्य |

**विकल्प :**

(A) 1-(I), 2-(II), 3-(III)

(B) 1-(III), 2-(II), 3-(I)

(C) 1-(II), 2-(I), 3-(III)

(D) 1-(III), 2-(I), 3-(II)

(ii) निम्नलिखित वाक्यों में भाववाच्य के उदाहरण पहचानकर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाला विकल्प चुनकर लिखिए :

I. हम मिट्टी के गोले बनाकर सुखा देते हैं ।

II. हम उन पर पेंटिंग करते हैं ।

III. मुझसे अब चला जाता है ।

IV. चिड़िया से उड़ा जाता है ।

**विकल्प :**

(A) I और II

(B) II और III

(C) III और IV

(D) I और IV

(iii) 'एक चिड़िया हमारी खिड़की पर डरी-डरी बैठी थी ।' यह वाक्य उदाहरण है :

(A) भाववाच्य का

(B) कर्तृवाच्य का

(C) कर्मवाच्य का

(D) विचारवाच्य का

(iv) 'उससे वहाँ बैठा नहीं गया ।' वाक्य का वाच्य है :

(A) कर्तृवाच्य

(B) कर्मवाच्य

(C) भाववाच्य

(D) कर्तृवाच्य और भाववाच्य दोनों

(v) 'अध्यापक ने बराबर के फासले पर दो पंक्तियाँ खींची ।' इसका शुद्ध कर्मवाच्य होगा :

(A) अध्यापक द्वारा बराबर के फासले पर दो पंक्तियाँ खींची गईं ।

(B) अध्यापक बराबर के फासले पर दो पंक्तियाँ खींचेंगे ।

(C) अध्यापक से बराबर के फासले पर दो पंक्तियाँ खींची जाएँगी ।

(D) अध्यापक बराबर के फासले पर दो पंक्तियाँ खींच रहे हैं ।


collegedunia

**5.** निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदों में से किन्हीं ***चार*** पदों के पद-परिचय के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

मैथिलीशरण गुप्त को साहित्यिक योगदान के लिए अनेक पुरस्कार मिले और उन्हें सराहा भी गया ।

(i) मैथिलीशरण गुप्त

(A) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक

(B) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक

(C) भाववाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक

(D) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्म कारक

(ii) अनेक

(A) परिमाणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, पुरस्कार विशेष्य

(B) गुणवाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, पुरस्कार विशेष्य

(C) संख्यावाचक विशेषण, बहुवचन, पुल्लिंग, पुरस्कार विशेष्य

(D) संख्यावाचक विशेषण, एकवचन, पुल्लिंग, पुरस्कार विशेष्य

(iii) मिले

(A) अकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, भूतकाल

(B) अकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, भूतकाल

(C) सकर्मक क्रिया, एकवचन, पुल्लिंग, भूतकाल

(D) सकर्मक क्रिया, बहुवचन, पुल्लिंग, भूतकाल

(iv) उन्हें

(A) अन्यपुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

(B) अन्यपुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, आदरार्थक बहुवचन, कर्म कारक

(C) उत्तमपुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक

(D) उत्तमपुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्म कारक


collegedunia

(v) <u>भी</u>

(A) निपात, 'सराहा' पर बल दे रहा है

(B) निपात, 'पुरस्कार' पर बल दे रहा है

(C) समानाधिकरण योजक, दो वाक्यों को जोड़ रहा है

(D) व्यधिकरण योजक, दो शब्दों को जोड़ रहा है

**6.** निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित निम्नलिखित पाँच बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *4×1=4*

(i) निम्नलिखित में मानवीकरण अलंकार का उदाहरण है :

(A) तीन बेर खाती थीं वे तीन बेर खाती हैं ।

(B) विज्ञान यान पर चढ़ी सभ्यता डूबने जाती है ।

(C) संसार की समरस्थली में धीरता धारण करो ।

(D) कलियाँ दरवाजे खोल-खोल जब झुरमुट में मुस्काती हैं ।

(ii) 'जिस वीरता से शत्रुओं का सामना उसने किया । असमर्थ हो उसके कथन में मौन वाणी ने लिया ।' — में अलंकार निहित है :

(A) श्लेष

(B) उत्प्रेक्षा

(C) अतिशयोक्ति

(D) मानवीकरण

(iii) 'मानो माई घनघन अंतर दामिनी ।' — में कौन-सा अलंकार है ?

(A) श्लेष

(B) उत्प्रेक्षा

(C) अतिशयोक्ति

(D) मानवीकरण


collegedunia

(iv) 'प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै ।' — में कौन-सा अलंकार है ?

(A) श्लेष

(B) उत्प्रेक्षा

(C) अतिशयोक्ति

(D) मानवीकरण

(v) 'सुबरन को ढूँढत फिरत कवि, व्यभिचारी, चोर ।' — में अलंकार है :

(A) श्लेष

(B) उत्प्रेक्षा

(C) अतिशयोक्ति

(D) मानवीकरण

**7.** निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

खेतीबारी करते, परिवार रखते भी, बालगोबिन भगत साधु थे – साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरने वाले । कबीर को 'साहब' मानते थे, उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते । कभी झूठ नहीं बोलते, खरा व्यवहार रखते । किसी से भी दो-टूक बात करने में संकोच नहीं करते, न किसी से खामखाह झगड़ा मोल लेते । किसी की चीज़ नहीं छूते, न बिना पूछे व्यवहार में लाते । इस नियम को कभी-कभी इतनी बारीकी तक ले जाते कि लोगों को कुतूहल होता ! – कभी वह दूसरे के खेत में शौच के लिए भी नहीं बैठते ! वह गृहस्थ थे; लेकिन उनकी सब चीज़ 'साहब' की थी । जो कुछ खेत में पैदा होता, सिर पर लादकर पहले उसे साहब के दरबार में ले जाते – जो उनके घर से चार कोस दूर पर था – एक कबीरपंथी मठ से मतलब ! वह दरबार में 'भेंट' रूप रख लिया जाकर 'प्रसाद' रूप में जो उन्हें मिलता, उसे घर लाते और उसी से गुज़र चलाते !


collegedunia

(i) निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गद्यांश के अनुरूप ***नहीं*** है ?

(A) बालगोबिन कबीर के आदेशों का पालन करते ।

(B) बिना अनुमति के किसी की वस्तु नहीं छूते ।

(C) दो-टूक बात करने में संकोच करते ।

(D) 'प्रसाद' से ही गुज़र-बसर करते ।

(ii) बालगोबिन का कबीर को अपना 'आदर्श' मानने का आधार था, कबीर की :

(A) सत्यप्रियता और मधुर गायन

(B) गृहस्थ होते हुए भी साधु प्रवृत्ति

(C) स्पष्टवादिता और रूढ़ियों का विरोध

(D) गृहस्थ होते हुए संसार से विरक्ति

(iii) बालगोबिन कबीर को अपना मानते थे :

(A) भाई

(B) मित्र

(C) पिता

(D) गुरु

(iv) इस गद्यांश में बालगोबिन भगत की किन विशेषताओं का उल्लेख किया गया है ?

(A) सत्यवादी, स्पष्टवक्ता, निष्ठावान

(B) सत्यवादी, साहसी, स्पष्टवादी

(C) निष्ठावान, जिज्ञासु, स्पष्टवादी

(D) कर्मठ, जिज्ञासु, निष्ठावान

(v) कथन और कारण पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिए :

*कथन* : बालगोबिन भगत साधु प्रकृति के थे ।

*कारण* : गृहस्थ होते हुए भी निर्मोही जीवन व्यतीत करते थे ।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, किंतु कारण ग़लत है ।

(B) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है ।

(D) कथन के लिए कारण सही व्याख्या नहीं है ।


collegedunia

**8.** गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : *2×1=2*

(i) 'लखनवी अंदाज़' के लेखक ने यात्रा के लिए सेकंड क्लास का टिकट क्यों लिया ?

(A) लंबा सफ़र तय करना था

(B) पैसे अपेक्षाकृत कम लगते

(C) नई कहानी के बारे में सोच सकने के लिए

(D) नवाब साहब से दोस्ती करने के लिए

(ii) 'नेताजी का चश्मा' पाठ का केन्द्र-बिंदु है :

(A) देशभक्ति

(B) दिव्यांग का साहस

(C) नेताजी का चश्मा

(D) नेताजी की मूर्ति

**9.** पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

लखन कहा हसि हमरे जाना । सुनहु देव सब धनुष समाना ।।
का छति लाभु जून धनु तोरें । देखा राम नयन के भोरें ।।
छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू । मुनि बिनु काज करिअ कत रोसू ।।
बोले चितै परसु की ओरा । रे सठ सुनेहि सुभाउ न मोरा ।।
बालकु बोलि बधौं नहि तोही । केवल मुनि जड़ जानहि मोही ।।
बाल ब्रह्मचारी अति कोही । बिस्वबिदित क्षत्रियकुल द्रोही ।।

(i) परशुराम ने अपने परिचय में ***नहीं*** कहा :

(A) मैं निरा मुनि नहीं हूँ ।

(B) मैं अत्यधिक क्रोधी हूँ ।

(C) मैं बाल ब्रह्मचारी हूँ ।

(D) मैं बहुत विद्वान हूँ ।


collegedunia

(ii) परशुराम ने लक्ष्मण का वध न करने के लिए क्या तर्क दिया ?

(A) वे बालक का वध नहीं करेंगे ।

(B) वे मुनि हैं, अत: किसी का वध नहीं करेंगे ।

(C) वध करने के लिए उनका फरसा अनुपयुक्त है ।

(D) ऐसा उनका स्वभाव ही नहीं है ।

(iii) 'परशुराम ने अपने फरसे की ओर देखा' — इसका क्या भाव है ?

(A) उनका फरसा अति सुंदर है ।

(B) उनका फरसा उनका सहारा है ।

(C) वैसा फरसा किसी और के पास नहीं है ।

(D) वे कमज़ोर नहीं, फरसाधारी वीर हैं ।

(iv) लक्ष्मण ने धनुष टूटने के लिए कौन-से तर्क दिए ?

I. सभी धनुष एक समान हैं ।

II. पुराना धनुष टूटने से क्या हानि, क्या लाभ ?

III. वह तो छूते ही टूट गया ।

IV. मुनिवर आप इतना क्रोध क्यों कर रहे हो ?

**विकल्प :**

(A) I, II, IV

(B) II, III, IV

(C) I, II, III

(D) I, III, IV

(v) पद्यांश में लक्ष्मण किन्हें संबोधित कर रहे हैं ?

(A) श्रीराम को

(B) राजा जनक को

(C) परशुराम को

(D) विश्वामित्र को


collegedunia

**10.** पठित कविताओं के आधार पर बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनिए : *2×1=2*

(i) 'उत्साह' कविता की विशेषताएँ हैं :

I. संबोधन शैली

II. खड़ी बोली

III. ब्रजभाषा

IV. संवाद शैली

**विकल्प :**

(A) I, II

(B) III, IV

(C) II, III

(D) I, IV

(ii) 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में कौन-सा भाव मुखरित होता है ?

(A) मैत्री

(B) व्यंग्य

(C) प्रेम

(D) वात्सल्य

## खण्ड ब

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

**11.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) हम कैसे कह सकते हैं कि पानवाला कैप्टन का मित्र था ? 'नेताजी का चश्मा' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ख) कौसल्यायन जी ने 'संस्कृति' किसे कहा है ?

(ग) बिस्मिल्ला खाँ के जीवन में रसूलनबाई और बतूलनबाई का क्या महत्त्व है ?

(घ) 'एक कहानी यह भी' से लिया गया 'निहायत असहाय मज़बूरी में लिपटा उनका यह त्याग कभी मेरा आदर्श नहीं बन सका ।' — यह कथन किसके लिए कहा गया है और क्यों ?


collegedunia

**12.** निर्धारित कविताओं पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) निराला ने फागुन मास के सौंदर्य का वर्णन किया है । आप फागुन में अपने आस-पास के सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

(ख) 'मुख्य गायक-गायिकाओं की सफलता उनके संगतकारों पर निर्भर करती है ।' — स्पष्ट कीजिए ।

(ग) जयशंकर प्रसाद ने अपनी आत्मकथा न लिखने के क्या कारण गिनवाए हैं ?

(घ) उद्धव ने गोपियों को समझाने के लिए कौन-सा उपदेश दिया और गोपियों को वह पसंद क्यों नहीं आया ?

**13.** पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 – 60 शब्दों में लिखिए : *2×4=8*

(क) 'माता का अँचल' पाठ में हमजोलियों के दल में मिलकर तारकेश्वरनाथ द्वारा किए गए किसी एक तमाशा का उल्लेख कीजिए । इनसे उन्हें किन जीवन-मूल्यों की शिक्षा मिलती है ?

(ख) प्रदूषण के कारण प्रकृति का रूठना किन रूपों में दिखाई पड़ रहा है, और प्रदूषण से बचने के लिए आपकी क्या भूमिका हो सकती है ? 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के संदर्भ में उत्तर लिखिए ।

(ग) अज्ञेय जी ने हिरोशिमा की घटना के बारे में सुना-पढ़ा था, लेकिन विस्फोट को उन्होंने कब और कैसे आत्मसात किया और उसका क्या परिणाम हुआ ? 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर लिखिए ।


collegedunia

**14.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *6*

(क) अब अबला नहीं सबला है नारी

संकेत-बिंदु

- बदलता समय
- किसी से कम नहीं
- नारी के बढ़ते क़दम

(ख) खेलों की ओर बढ़ता रुझान

संकेत-बिंदु

- खेलों का महत्त्व
- सोच का बदलना
- खेलों को बढ़ावा

(ग) छिज रही ओज़ोन की परत

संकेत-बिंदु

- ओज़ोन का जीवन संकट में
- कुदरत के तंबू में छेद
- संकट से उबारना होगा

**15.** (क) आप अंकित/अंकिता हैं । अपनी प्रधानाचार्या को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखकर अपने विद्यालय के पुस्तकालय में सुधार के लिए निवेदन कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) आप प्रगण्य/शेफाली हैं । अपनी पढ़ाकू बहन को समझाते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए कि पढ़ाई के अतिरिक्त व्यक्तित्व के निर्माण में विविध गतिविधियों का भी महत्त्व है । *5*


collegedunia

**16.** (क) आप ग्रेस/इब्राहिम हैं । दवाइयों की कंपनी में लिपिक का पद रिक्त है । आप उक्त पद की योग्यता धारण करते हैं । आपको हिन्दी और अंग्रेज़ी भाषा में टंकण (टाइपिंग) आती है । कम्प्यूटर का भी ज्ञान है । उसके आवेदन के लिए लगभग 80 शब्दों में स्ववृत्त लिखिए । *5*

**अथवा**

(ख) आप परमजीत कौर/जितेंदर सिंह हैं । आपके मोहल्ले के पार्क में अनपेक्षित व्यक्तियों का जमावड़ा रहता है । जिसके कारण बच्चों को खेलने का स्थान नहीं मिल पाता । इस समस्या के निदान के लिए नगर-निगम अधिकारी को लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखिए । *5*

**17.** (क) आप रूपेंद्र/रूपा हैं । आप अपनी पुरानी साइकिल बेचना चाहते हैं । उससे संबंधित जानकारी देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए । *4*

**अथवा**

(ख) आप शिक्षा/विदित हैं । अपनी मित्र स्नेहा को बैडमिंटन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने के लिए लगभग 40 शब्दों में एक बधाई-संदेश लिखिए । *4*


collegedunia